an>

Title: Need to establish a Kendriya Vidyalaya in Kaushambi district, Uttar Pradesh.

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी): मैं सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि मेरा संसदीय जनपद-कौशाम्बी 4 अप्रैल, 1997 को इलाहाबाद से कट कर नया जनपद बना, यह अति पिछड़ा जनपद है। यहां एक भी उच्च शिक्षण संस्था (राजकीय) नहीं है एवं केन्द्रीय विद्यालय भी नहीं है यहां के बच्चों को पढ़ने के लिए 50 किमी. दूर इलाहाबाद जाना पड़ता है। मैंने माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी से अनेकों बार मिलकर कौशाम्बी में केन्द्रीय विद्यालय खोलने का आग्रह किया है। केन्द्रीय विद्यालय खोलने हेतु प्रस्ताव सभी मापदण्ड पूर्ण कर मंत्रालय को भेज दिया गया है। मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करता है हूँ कि प्रस्ताव की स्वीकृति देते हुए धनराशि आवंटन की कार्यवाही सुनिश्चित करें जिससे गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।